Business Standard (Hindi)
JK tyre ka shuddh labh 4 guna badha
Oct 31, 2018 | Delhi | Pg No.: 2 | Middle Center | Bureau | Sq Cm: 419 | AVE: 85867 | PR Value: 429335

जेके टायर का शुद्ध लाभ चार गुना बढ़ा

जेके टायर ऐंड इंडस्ट्रीज ने मंगलावर को कहा कि 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ चार गुना बढ़कर 46 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का शुद्ध लाभ 10 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने कहा कि दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध बिक्री 23 फीसदी बढ़कर 2,548 करोड़ रुपये रही। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी की शुद्ध बिक्री 2,068 करोड़ रुपये रही थी। जेके टायर के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक रघुपति सिंघानिया ने कहा, दूसरी तिमाही में मांग में उछाल के कारण कंपनी को अच्छी वृद्धि हासिल करने में मदद मिली। उन्होंने हालांकि कहा कि तेल के बढ़ते दाम और रुपये के अवमूल्यन का कच्चे माल की कीमतों पर असर पड़ा।

एजेंसियां